सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 44 | इंदौर, सोमवार 26 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



**कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं**

## "कृष्णम वन्दे जगतगुरुम"

गोपाल गोकुल वल्लभे,
प्रिय गोप गोसुत वल्लभं ।
चरणारविन्दमहं भजे,
भजनीय सुरमुनि दुर्लभं ॥

घनश्याम काम अनेक छवि,
लोकाभिराम मनोहरं ।
किंजल्क वसन किशोर मूरति,
भूरिगुण करुणाकरं ॥

कच कुटिल सुन्दर तिलक,
ब्रुराकामयंक समाननं ।
अपहरण तुलसीदास,
त्रास बिहारी बृन्दाकाननं ॥

हे कृष्ण! द्वारकावासिन्!
क्वासि यादवनन्दन!
इमामवस्थां सम्प्राप्तां अनाथां किमुपेक्षसे

गोविन्द! द्वारकावासिन्
कृष्ण! गोपीजनप्रिय!।
संसारे परिभूतां मां किं न जानासि केशव!

कृष्ण! कृष्ण! महायोगिन्
विश्वात्मन्! विश्वभावन!
प्रपन्नां पाहि गोविन्द!
रक्ष मां शरणागताम्॥
रक्ष मां शरणागताम्॥
रक्ष मां शरणागताम्॥



# धूमधाम से मनेगी जन्माष्टमी

## इस्कॉन में कृष्ण को हीरे-मोती जड़ित पोशाक पहनाएंगे; यशोदा मंदिर में गोदभराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आज जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न मंदिरों में भगवान का भव्य श्रृंगार करने के साथ ही रात 12 बजे भगवान की जन्म आरती की जाएगी। जन्माष्टमी पर्व को लेकर मंदिरों में विशेष साज सज्जा के साथ ही दर्शन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस्कॉन में जहां भगवान हीरे-मोती जड़ित पोशाक धारण करेंगे, वहीं सुबह 10.30 बजे बड़ा गणपति से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।



यशोदा माता मंदिर के पं.महेंद्र दीक्षित और पं.मनीष दीक्षित ने बताया कि 26 अगस्त, सोमवार को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर मंदिर को हजारों रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया गया है। उत्सव में भगवान का मनोहारी श्रृंगार किया जाएगा। मंदिर में आकर्षक साज सजावट की गई है। रात 12 बजे महापूजा एवं जन्म आरती होगी। इसके बाद प्रसाद वितरण होगा। 27 अगस्त को नंद उत्सव और छप्पन भोग के दर्शन शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक होंगे। रात 9 बजे मंदिर परिसर में भजन संध्या होगी। 28 अगस्त को मोर पंख झूले में लड्डू गोपाल एवं दीप मालिका श्रृंगार के दर्शन शाम 7 से 11 बजे तक होंगे। संतान प्राप्ति के लिए यशोदा माता की गोद भराई होगी।



# शिक्षाविद डॉ. अग्निहोत्री अभाविप में महानगर उपाध्यक्ष बने

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वर्ष 2024-25 की इंदौर (म.प्र.) महानगर की नवगठित कार्यकारिणी में प्रो. (डॉ.) कुलदीप अग्निहोत्री को इंदौर में महानगर उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। डॉ. अग्निहोत्री इससे पहले भी परिषद में कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।**

मिलनसार व्यवहार के धनी डॉ. अग्निहोत्री ने कम समय में ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सोपानों को अंजाम देकर शहर एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। डॉ. अग्निहोत्री 22 से अधिक पाठ्यपुस्तकों के लेखक एवं सम्पादित पुस्तकों के सम्पादक हैं, जिनका लाभ देश के कई विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को मिल रहा है। डॉ. अग्निहोत्री के



वाणिज्य एवं प्रबंधन विषय के 27 से अधिक भारतीय एवं यू.के. (विदेशी) पेटेंट प्रकाशित एवं डिजायन हैं, जो अपने-आपमें एक कीर्तिमान है। डॉ. अग्निहोत्री के अनेक शोध पत्र कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय महत्व के जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं, साथ ही आप अनेक राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स के सम्पादकीय बोर्ड के सदस्य भी हैं। डॉ. अग्निहोत्री को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों के कारण कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय एवं सामाजिक संगठनों द्वारा अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। परिषद में नए दायित्व पर शहर के कई प्राध्यापकों एवं वरिष्ठजनों ने आपको शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### आई बस एवं इलेक्ट्रिक बसों के किराया को लेकर बड़ा निर्णय

# किराया में बढ़ोतरी के बाद बस में अब 2 किमी के लिए 10 रुपए लगेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में लोक परिवहन का संचालन कर रही अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस (एआईसीटीएसएल) बोर्ड ने 20 से 30 फीसदी तक सिटी बसों के किराए में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। किराए में बढ़ोतरी के बाद 2 किमी के लिए 10 रुपए लगेंगे। अभी 5 रुपए लगते हैं। अधिकतम 22 किमी के लिए 35 रुपए खर्च करना होंगे, वर्तमान में 30 रुपए लिए जा रहे हैं। कंपनी ने जादूगरी दिखाते हुए किराए की दरें तो 5,10,15 रुपए ही रखी हैं, लेकिन किमी स्लैब में बदलाव करके किराए में वृद्धि की है।**

शहर की लोक परिवहन सेवा के लिए सबसे सस्ती मानी जाने वाली सिटी बसों का सफल तरीके से संचालन हो रहा है। इस समय शहर के विभिन्न रुटों पर लगभग 400 बसे दौड़ रही है और लगभग 1 लाख से भी ज्यादा यात्री इस सेवा का लाभ ले रहे है। प्रदेश का इंदौर ही ऐसा शहर है जहां पर सर्वाधिक सिटी बसों का सफल संचालन हो रहा है। बसों में बढ़ती यात्रियों की संख्या को देखते हुए अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (आईसीटीएसएल ) शहर में जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारा जा रहा है। इसकी प्लानिंग बन चुकी है और आने वाले दिनों में ये बसें भी दौड़ती नजर आएगी।

पिछले दिनों अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड की संचालक मंडल की बैठक आयोजित हुई है। इस बैठक में सिटी बस, आई बस एवं इलेक्ट्रिक बसों के किराया में वृध्दि की गई है। बताया गया है की लम्बे समय के बाद बसों का किराया में वृध्दि की गई है। आईसीटीएसएल की बैठक में लिए गए निर्णय के मुताबिक बसों के किराए में की गई बढ़ोतरी के बाद 2 किमी के लिए 10 रुपए लगेंगे। अभी 5 रुपए लगते थे । अधिकतम 22 किमी के लिए 35 रुपए खर्च करना होंगे, वर्तमान में 30 रुपए लिए जा रहे हैं। कंपनी ने जादूगरी दिखाते हुए किराए की दरें तो 5,10,15 रुपए ही रखी हैं, लेकिन किमी स्लैब में बदलाव करके किराए में वृद्धि की है।

### बसों का नया किराया तत्काल प्रभाव से लागू

जानकारी के मुताबिक अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड इंदौर की बोर्ड बैठक गत 2 अगस्त को आयोजित हुई थी। इस बैठक में बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार शहर में संचालित बसों के किराए का पुनरीक्षण किया गया है। उपरोक्त पुनर्क्षित किराया शहर में संचालित सिटी बस, आई बस एवं इलेक्ट्रिक बसों में तत्काल प्रभाव से लागू हो कर दिया गया है। वर्तमान में शहर में 400 बसों का संचालन किया जाता है, जिसमें से 40 इलेक्ट्रिक, बीआरटीएस में 29 सीएनजी एवं 30 इलेक्ट्रिक व बाकी सिटी बसें सम्मिलित हैं। प्रतिदिन लगभग ढाई लाख यात्री इस सुविधा का लाभ लेते हैं।

### निर्धारित सिटी बस किराये की नई तालिका

00 कि.मी. से 1.5 कि.मी. - 05/-
1.5 कि.मी. से 3 कि.मी. - 10 रु
3.1 कि.मी. से 4.5 कि.मी. - 15/-
4.5 कि.मी. से 7.5 कि.मी. - 20/-
7.5 कि.मी. से 12 कि.मी. - 25/-
12.1 कि.मी. से 18 कि.मी. - 30/-
18.1 कि.मी. से 28 कि.मी. - 35/-
28.1 कि.मी. से अधिक पर - 40/-

### निगम के खजाने में अपेक्षा से भी कम बकाया राशि आई

# आने की उम्मीद थी डेढ़ सौ करोड़ रुपए, जबकि 24 करोड़ रु ही आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर नगर की गई है। इस योजना के ना के तहत तो बकाया निगम के द्वारा जल कर के बकायादारों को सुविधा देने के लिए शुरू की गई टाइम सेटलमेंट योजना में आधा पैसा जमा करा कर खाते को शून्य करने का अंतिम दिन था, लेकिन निगम एक बार फिर बकायदारों को मौका देने के लिए समय अवधि बढ़ाने पर विचार कर रहा है। इनगम के अधिकारी एमआईसी को जलकर जमा करने की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर एमआईसी की स्वीकृति मिलते ही समय अवधि बढ़ा दी जाएंगी। समय अवधि बढ़ाने के पीछे कारण यह बताया जा रहा है की वन टाइम सेटलमेंट योजना का बकायदारों को लाभ देने से निगम के खजाने में लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपए आ जाएंगे, लेकिन निगम का यह दाव फैल गया और मात्र 24 करोड़ रुपए की जमा हो पाए। इसी को देखते हुए निगम बकायदारों के लिए समय अवधि बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

जानकारी के मुताबिक शहर के नागरिकों और अलग-अलग संस्थानों पर जलकर के 500 करोड रुपए से ज्याना की राशि बकाया है। इन लोगों के द्वारा नए बकाया राशि पिछले कई सालों से नहीं चुकाई जा रही है। निगम के द्वारा इस राशि भी पसूती के लिए बहुत कोशिश की गई लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला है। इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा उत्क्ता बकाया राशि को प्राप्त करने के लिए वन टाइम सेटलमेट योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत जो बकाया राशि है उसकी आधि राशि देकर बाकी आधी राशि को माफ करवाया जा सकता है।

निगम की और से इस योजना में बकाया राशि वाले लोगों को राशि जमा करने के लिए प्रेस्ति किया गया है। इस योजना को 20 दिन के लिए 5 अगस्त से लागू किया गया था। आज इस योजना क आखिरी दिन है। निगम की ओर से नागरिकों की यह चेतावनी दी गई है कि इस योजना के बाद भी यदि आपके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई तो फिर आने वाले समय ने में आप पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पानी की की चोरी का मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। इस चेतावनी के माध्यम से निगम के द्वारा नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित करने की कोशिश की गई है।

### निगम के खाते में 24 करोड रुपए आए

इस योजना के तहत नगर निगम 250 करोड रुपए से ज्यादा की राशि प्राप्त करने का सपना देख रहा था। निगम के द्वारा यह दावा किया जा रहा था कि किसी भी हालत में 150 करोड रुपार से तो ज्यादा की राशि इस योजना से मिल जाएगी। अब तक इस योजना से नगर निगम के पास कुल 24 करोड़ रुपए आए है।

### योजना की अवधि बढ़ाएंगे

नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा महापौर परिषद को एक प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि सिंगात रथम सेटलमेंट योजना की अवधि को बड़ा दिया जाए। इस योजना की कुछ दिनों तक और निरंतर रखा जाए। और पैसा हासिल कर सके और लोग भी अपने बकाया पैसे अभी इस बोई फैसला नहीं हो सका है।

### बारिश में चूहे काटने के केस बढ़े

# बिलों में पानी भराने से बाहर आ रहे, पॉश कॉलोनियों में ज्यादा केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अब तक कुत्तों, बिल्लियों और बंदरों द्वारा काटने के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन इन दिनों चूहों द्वारा काटने (रैट बाइट) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। शहर के अस्पताल में रैट बाइट के रोज 4-5 मामले आ रहे हैं। ढाई माह में ढाई सौ से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। खास बात यह कि चूहे सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं बल्कि शहरी क्षेत्र के लोगों को भी शिकार बना रहे हैं।

आमतौर पर बारिश में बिलों में पानी भरने से घरों में चूहों की संख्या बढ़ जाती है। बारिश के कारण ये घरों, दुकानों, गोदाम और अन्य सूखे स्थानों को ठिकाना बना लेते हैं। पहले बारिश के दिनों में रोजाना 1-2 रैट बाइट के मामले आते थे। लेकिन इस बार केस काफी बढ़े हैं। इनकी संख्या भी चौंकाने वाली है। इस बार जून में 83, जुलाई में 106 और अगस्त (24 तक) में 70 लोगों को चूहों ने काटा। इनमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक हैं। ढाई माह में चूहों ने 259 को शिकार बनाया है। हॉस्पिटल स्टाफ के मुताबिक वर्तमान में खंडवा रोड, मांगलिया, धार रोड, हातोद, बेटमा और शहर के सीमावर्ती गांवों के साथ शहर के भी लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। शहरी क्षेत्र में पलासिया, अनूप नगर, श्रीनगर, एमआईजी सहित कई क्षेत्रों के लोग रेट बाइट के कारण हॉस्पिटल आ रहे हैं।

## 250 विद्यार्थियों का सम्मान कर दी प्रोत्साहन राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना के तहत श्री छत्रपति शिवाजी सहकारी साख संस्था इन्दौर द्वारा संस्था सदस्यों के 250 प्रतिभावान विद्यार्थियों को 3.75 लाख रुपए एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों के सम्मान का यह समारोह छत्रपति सदन, तिलक पथ पर आयोजित किया। संस्था अध्यक्ष प्रभाकर चौखण्डे ने बताया कार्यक्रम जीडीसी के प्रोफेसर डॉ अमया पाटील के मुख्य आतिथ्य एवं शिक्षाविद हेमंत निम्बालकर एवं समग्र मराठी भाषि संघ की अध्यक्ष स्वाति काशिद के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि संस्था के लगभग 16,000 सदस्य हैं। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष सदस्यों के प्रतिभाशाली बच्चों के कल्याणार्थ प्रोत्साहन स्वरूप नकद राशि एवं शिक्षण सामग्री वितरित की जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था उपाध्यक्ष अमित आमणापुरकर, अशोक आमणापुरकर, संजय गेले, मनोरमा ठोम्बरे, भूपेन्द्र अडसुरे एवं मनीष चोरहटद उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित गणमान्यों का आभार संचालक भूपेंद्र अडसूरे ने माना।

# छठ का व्रत ऑनलाइन चांद देख कर खोला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चाँद छठ का व्रत, अखंड सुहाग और सुयोग्य वर की कामना के लिए महिलाएं एवं कुंआरी कन्याएं रखती हैं। अग्रवाल समाज द्वारा छठ व्रत उत्सव पूर्वक मनाने की पूरी तैयारी गई थी लेकिन शहर में भारी बारिश के कारण रात 11:00 बजे तक चांद नजर नहीं आया तो कानपुर से ऑनलाइन चांद देखकर महिलाओं ने व्रत खोला। अग्रवाल समाज द्वारा इस कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। राजशाही होटल में आयोजित छठ व्रत उत्सव कार्यक्रम में मां काली का मंगल पाठ का आयोजन साधना कमल गोयल द्वारा किया गया। विवाह के बाद पहले वर्ष की छठ पर्व को चाँद छट का उद्यापन किया जाता हैं, 7 -7 कुँआरी व्रत करने वाली लड़कियों को व्रत खुलवा कर भोजन करा उपहार देने का रिवाज हैं। इस वर्ष महिमा अनिरुद्ध अग्रवाल और सोनम अमूल्य खेतान द्वारा उद्यापन किया गया । कार्यक्रम के दौरान गीत- संगीत डांस प्रतियोगिता और चांद छट स्पेशल तम्बोला गेम्स का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कार भेंट किए गए।कार्यक्रम के सूत्रधार अमूल्य खेतान , अनिरुद्ध अग्रवाल, कान्हा कमल गोयल रहे।

# मुखबिरी की शंका में युवक को बेरहमी से पीटा

## तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के गुलजार कालोनी में रहने वाले युवक को नशेड़ी बदमाशों ने मुखबिरी की शंका में बेरहमी से दौड़ा दौड़ा कर डंडों और लात घूसों से पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने आनफान में बदमाशों पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिर तार कर लिया।**

जूनी इंदौर एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो गुलजार कॉलोनी का है। यंह नशेड़ी बदमाश नदीम उर्फ सोनू पिता मुमताज शाह (26) निवासी आजाद नगर, एजाज पिता शहजाद खान (19) निवासी लालबाग लाइन और आयान पिता फिरोज शाह निवासी नूरी कालोनी ने फरियादी अली रजा पिता करीम उद्दीन शाह(22) निवासी नूरी कालोनी पर डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। जंहा अली रजा के साथ मारपीट की गई वहां घर के बाहर कैमरा लगा हुआ था ऐसे में घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि तीनों आरोपी बेरहमी से युवक को पीट रहे हैं,जब मामला बढा तो आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गए और मारपीट कर रहे बदमाशों को अलग किया। हालाकिं सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस तुरंत हरकत में आई और मारपीट करने वाले बदमाशों नदीम ,एजाज और आयान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया। बताया जा रहा है कि नशेड़ी बदमाशों ने मुखबिरी की शंका में ही अली रजा के साथ मारपीट की थी।

### आपस में हैं दोस्त

एसीपी धुर्वे का कहना है कि फरियादी और तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं। ये सभी नशा करने के आदी हैं। कुछ समय से किसी बात को लेकर अली रजा और आरोपियों के बीच तनातनी चल रही थी। आरोपियों को शंका थी कि अली रजा उनकी मुखबिरी करता है इस बात को लेकर यह विवाद हुआ था।

### प्रतिबंधात्म कार्रवाई की

जूनी इंदौर एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि मारपीट की घटना में शामिल तीनों आरोपी नदीम, एजाज और आयान पर मारपीट की घटनाओं में प्रकरण दर्ज करने के साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। अब इन्हें पुलिस जेल पहुंचायेगी। एसीपी का कहना है कि गुंडों को किसी भी हाल में ब सा नहीं जाएगा। स त से स त कार्रवाई शिकायत मिलने पर करते हैं।

# मोबाइल लेकर भाग रहा था,भीड़ ने पकड़ा पुलिस को सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मल्हारगंज में रविवार को जब पुलिस की टीमें सीएम ड्यूटी में व्यस्त थी तब पल्सर बाइक पर सवार एक लूटेरे ने युवती का मोबाइल लूटा। युवती ने शोर मचाया तो भीड़ ने लूटेरे को दबोच लिया,नजदीक खड़े पुलिसकर्मी वहां पहुंचे तो लूटेरे को लेकर थाने आ गए। रात में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तृप्ति पुत्री भालचंद्र दुबे निवासी दिलीप श्री अपार्टमेंट की शिकायत पर पुलिस ने पल्सर बाईक पर सवार बदमाश पर केस दर्ज किया है। आरोपी पुलिस हिरासत में है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तृप्ति ने बताया कि वह मूल रूप से बदनावर की रहने वाली है। यहां दिलीप श्री अपार्टमेंट में रहती है। रविवार को पलासिया से ऑटो रिक्शा में बैठकर बड़ा गणपति चौराहे पर उतरकर अपनी मां से मोबाइल पर बात करते हुए पैदल अपने फ्लैट पर जा रही थी। जब वह गणेशगंज इंदौर विलेज के सामने पहुंची तो वहां पर पल्सर बाइक पर आए बदमाश ने उसके हाथ से मोबाइल लूट लिया। जानकारी के मुताबिक वारदात के बाद तृप्ति ने आरोपी को पकडऩे लिये मदद मांगी। जिसमें आरोपी को कुछ ही दूरी पर लोगो ने पकड़ लिया। उसे थाने लेकर आए तो रात में उसका मेडीकल भी कराया गया है।

# खिडक़ी तोडक़र लैब में दाखिल हुए चोर ड्राज से कलेक्शन के रुपए निकालकर भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया में पैथोलॉजी लैब में चोरी हो गई। चोर यहां खिडक़ी से घुसा और ड्राज से रुपए लेकर भाग गया। सुबह जब कर्मचारी पहुंचे तो वारदात की जानकारी लगी। लैब संचालक ने पुलिस को घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सौंपे हैं। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। लसूडिया पुलिस के मुताबिक सफदर नदीम मिर्जा निवासी बाबा फरीदनगर खजराना की शिकायत पर चोरी के मामले में केस दर्ज किया गया है। सफदर ने बताया कि उनकी स्कीम नंबर 78 पार्ट 2 मीरा पैथालजी है। शुक्रवार की रात 8 बजे वह लैब बंद करने के बाद ताला लगाकर घर चले गए। शनिवार सुबह लैब का ताला टूटा हुआ देखा। सीसीटीवी फुटेज चेक किये, जिसमें चोर पीछे की खिडक़ी से दाखिल होते हुए नजर आए। अंदर आने के बाद ड्रॉज में कलेक्शन के रुपए रखे थे वे बदमाश चुरा ले गए।

**सीसीटीवी से पकड़ाया चोर-** पलासिया की बड़ी ग्वालटोली में रहने वाले दुग्ध संघ से रिटायर्ड हुए कर्मचारी के यहां बदमाश चोरी की वारदात कर रहा था। जिसे कर्मचारी ने कैमरे में देखने के बाद रहवासियों की मदद से पकड़ लिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शरद कुमार स्नेही निवासी बड़ी ग्वालटोली ने बताया कि वह 20 की रात में वह धार्मिक आयोजन में गए थे। वापस आए तो फ्रीज का क प्रेशर और एल्युमीनियम की खिड़कियां चोरी हुई थी। अगले दिन उनके यहां से साईकिल चोरी हो गई। वहीं तीसरे दिन उनके यहां पर लोहे की जाली चोरी हुई। उन्होंने कैमरों की रिकॉर्डिंग देखी तो इलाके में रहने वाला कृष्णा नाम का लडक़ा चोरी करते दिखा। इसके बाद आरोपी को पकडक़र पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। वहीं राऊ के रवि पाटीदार ने बताया कि वह निजी मोबाइल कंपनी में काम करता है। 18 अगस्त को परिवार के लोग घर पर ताला लगाकर बाहर गए। दो दिन बाहर वापस आए।




# इनामी बदमाश पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रावजी बाजार पुलिस ने इनामी बदमाश को पकड़ा है। गिर त में आया बदमाश चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिर तारी पर कनाडिय़ा पुलिस ने दो हजार तो रावजी बाजार पुलिस ने एक हजार रूपए के इनाम की घोषणा की थी। आरोपी ने अनाज मंडी स्थित गोडाउन में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उस पर करीब आठ प्रकरण अलग अलग थानों में दर्ज हैं।

डीसीपी ऋषिकेश मीणा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि फरार इनामी बदमाश रावजी बाजार थाना क्षेत्र में घूम रहा है। इस पर डीसीपी ने एडिशनल डीसीपी आनंद यादव और एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे को उसे पकडऩे के लिए निर्देशित किया। डीसीपी के निर्देश पर एसीपी धुर्वे और रावजी बाजार थाना प्रभारी आमोद सिंह राठौर ने पुलिस टीम के साथ बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर फरार चल रहे आरोपी गंजू उर्फ रितेश पिता सरूज चावरे निवासी हरिजन कालोनी को गिर तार किया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अनाज मंडी छावनी स्थित गोडाउन में ताले तोडक़र चोरी की घटना को अंजाम दिया था और वहां से नगदी,चांदी के सिक्के एंव टीटी चुराकर फरार हो गया था। पुलिस उसके साथियों को पूर्व में ही गिर तार कर चुकी है। गिर त में आए बदमाश से अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# कार फोड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भंवरकुआं क्षेत्र के मैकेनिक नगर में दो पक्षों के बीच विवाद में मारपीट हो गई। आरोपियों ने फरियादी की कार में तोडफ़ोड़ कर दी। फरियादी अवनीत सिंह सहानी निवासी विष्णुपुरी मेन की रिपोर्ट पर आरोपी शेरु,फारूख, सलीम और मोह मद के खिलाफ केस दर्ज किया गया। विवाद मैकेनिक नगर मेन पर हुआ। फरियादी अपने प्लटा पर मर मत के लिए गिट्टी मुरम डलवा रहा था तभी प्लटा की दुकानों के किराएदार शेरू और फारूख अपने लडक़ों के साथ आए। बोले कि तुम हमारी दुकान खाली कराने के लिए यह सब कर रहे हो। उन्होंने गालियां दी और सब्बल लेकर मारने दौड़े। मैं बचने के लिए कार में बैठा तो कार में तोडफ़ोड़ कर दी। पत्थर लगने से मुझे चोट आई। कर्मचारी के साथ भी मारपीट की।

# कचरा फेंकने की बात पर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राजेंद्र नगर क्षेत्र में घर के बाहर कचरा फेंकने की बात पर हुए विवाद में मेघा अहिरवार को राज सिसौदिया और मंजू ने अनाप शनाप कहना शुरू कर दिया। आरोपियों का विरोध किया तो दोनों ने मिलकर युवती मेघा को जमकर पीटा और उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। वहीं इस मामले में मंजू की शिकायत पर इमरती और मेघा के खिलाफ मारपीट और धमकाने का प्रकरण दर्ज किया है।

# नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधी नगर और विजयनगर इलाके में दो नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किए हैं। आरोपियों ने पीडिता को जान से मारने की धमकी भी दी। थाना गांधीनगर पुलिस ने बताया कि छेड़छाड़ की घटना 15 वर्षीय पीडिता के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी अजय निवासी घनश्यामदास नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पीडिता ने पुलिस को बताया कि मैं और दादी घर पर थे तभी आरोपी घर के बाहर आया और मुझे बोला कि तुम मुझसे बात किया करो। मैंने विरोध किया तो उसने बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। जाते जाते बोला कि अगर मेरे से बात नहीं की तो तुझे जान से मार दूंगा। थाना विजयनगर पुलिस ने 16 साल की पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपी रिजवान खान,मोहसिन खान व साथी पर पास्को एक्ट के मामले में केस दर्ज किया है। घटना 2& अगस्त को पराठा वाली गली मनें हुई। आरोपियों ने पीडिता का बुरी नीयत से पीछा कर धमकाया और मोबाइल फोन नंबर मांगा।

# श्रीराधा-कृष्ण पहनेंगे 100 करोड़ के एंटीक गहने

## हीरा-पन्ना,माणिक-नीलम से जड़े हार-कंगन, 3-3 किलो के स्वर्ण मुकुट; पूजा में 50 किलो चांदी के बर्तन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। गोपाल मंदिर में श्रीराधा-कृष्ण को 100 करोड़ से ज्यादा की एंटीक ज्वेलरी पहनाई जाएगी। इन आभूषणों में बेशकीमती रत्न हीरा, पन्ना, माणिक, मोती, पुखराज और नीलम जड़े हैं। ज्वेलरी 150 साल से ज्यादा पुराने सिंधिया रियासतकाल की है।**

हर साल एंटीक जेवर को कड़ी सुरक्षा के बीच बैंक लॉकर से निकाला जाता है। इनमें सात लड़ियों का हार, कंगन, बाजूबंद, मोतियों की माला, स्वर्ण मुकुट शामिल हैं। इनकी सुरक्षा के लिए 200 जवान तैनात रहेंगे। 50 से ज्यादा CCTV से भी निगरानी रखी जाएगी।



### नगर निगम के जिम्मे गहनों का रखरखाव

श्रीराधा-कृष्ण को पहनाए जाने वाले बेशकीमती, एंटीक गहनों का रखरखाव और उन्हें बैंक से निकालने का काम नगर निगम के जिम्मे है। मंदिर में विराजमान श्रीराधा-कृष्ण के विशेष श्रृंगार के लिए गहनों को सेंट्रल बैंक के लॉकर में रखा जाता है। हर साल समिति बनाई जाती है, जो त्योहार के दिन सुबह गहनों को लॉकर से निकालकर श्रीराधा-कृष्ण मंदिर तक पहुंचाती है। यहां गहनों की सफाई कर भगवान का श्रृंगार किया जाता है। अगले दिन सुबह गहने उतार कर बॉक्स में रखते हैं। इसके बाद वापस लॉकर में रखवा दिए जाते हैं। बता दें, कि प्रशासन ने सभी जेवरों की अनुमानित कीमत 100 करोड़ आंकी है। किसी भी एक जेवर की कीमत की सूची नहीं बनाई है, इसलिए खास जेवर की कीमत का खुलासा भी नहीं किया गया है।

### 200 जवानों का ट्रिपल लेयर सुरक्षा घेरा

लॉकर से गहने निकालने और रखने के दौरान 50 पुलिस जवान और अफसर ट्रिपल लेयर सिक्योरिटी में जाते हैं। आज त्योहार के दिन यहां सुरक्षा के लिए 200 से ज्यादा जवान तैनात किए जाएंगे। मंदिर की चारों तरफ से किलेबंदी की जाएगी। हर दरवाजे पर मेटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। इस बार भी 50 से ज्यादा CCTV से नजर रखी जाएगी।

### हर साल दो से ढाई लाख भक्त पहुंचते हैं

गोपाल मंदिर के पुजारी पंडित प्रदीप सरवटे ने बताया, कि मंदिर में जन्माष्टमी पर दो से ढाई लाख भक्त दर्शन के लिए करते हैं। महापौर, सभापति, नगर निगम कम्श्नर की विशेष निगरानी में बेशकीमती एंटीक गहनों को लॉकर से निकाल कर श्रीराधा-कृष्ण का श्रृंगार किया जाता है। श्रीराधा-कृष्ण के मुकुट में लगा पन्ना अमूल्य है। भगवान के इस स्वरूप को देखने के लिए भक्त साल भर इंतजार करते हैं। यही वजह है कि दर्शन के लिए मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। इनमें विदेशी भक्त भी शामिल होते हैं।

### 700 किलो फूलों से सजा महाकाल का दरबार

मध्यप्रदेश में जन्माष्टमी का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। उज्जैन, भोपाल और ग्वालियर के श्रीकृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-आराधना हो रही है। बाबा महाकाल के दरबार को 700 किलो फूलों से सजाया गया है। गर्भगृह में फूलों का सिंहासन, दीवारों पर फूलों की लड़ियों के साथ ही फूलों से बना छत्र और मोर पंख से सजावट की गई है। यहां श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु और शिव के दर्शन एक साथ होंगे। शाम 6 बजे बाबा की सवारी गोपाल मंदिर पहुंचेगी, जहां हरिहर मिलन होगा। रात 10 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गोपाल मंदिर में भगवान का दर्शन करेंगे। 12 बजे तक भगवान के दर्शन-पूजन, अभिषेक और आरती की जाएगी। 2 बजे तक मंदिर के पट खुले रहेंगे। जबलपुर के पचमठा मंदिर में सुबह मंगला आरती से कृष्ण जन्मोत्सव की शुरुआत हुई। मंदिर में आज दिन भर पूजन चलेगा। भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। रात 12 बजे शहनाई वादन के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के किला मंदिर में कल जन्माष्टमी, आज ही पहुंचे श्रद्धालु

हर साल जन्माष्टमी पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बना किला मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है। यहां मंगलवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जानकारी के अभाव में आज ही ताला गेट पर श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। अधिकारियों के समझाइश के बाद वे वापस लौटे।

### पचमठा मंदिर में मंगला आरती

जबलपुर के पचमठा मंदिर में सुबह मंगला आरती से कृष्ण जन्मोत्सव की शुरुआत हुई। मंदिर में आज दिन भर पूजन चलेगा। भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। रात 12 बजे शहनाई वादन के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### श्रीकृष्ण की विद्यापीठ के दर्शन के लिए कतार

उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में भी सुबह से ही श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की विद्यापीठ के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सुदामा, भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की तीन मूर्तियां यहां स्थापित हैं। आश्रम में एक मंदिर भी है, जिसे सर्वेश्वर महादेव कहा जाता है। यहां 6000 साल पुराना शिवलिंग है। इसमें शेषनाग अपने प्राकृतिक रूप में हैं। माना जाता है कि गुरु सांदीपनि और उनके शिष्य यहां पूजा करते थे।

### सांदीपनि आश्रम में कृष्ण लीला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांदीपनि आश्रम के प्रमुख पुजारी पंडित रूपम व्यास ने बताया- सुबह 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। आश्रम में भगवान कृष्ण की लीलाओं पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

---

# 20 मिनट में दो सराफा दुकानों से 45 लाख की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, (एजेंसी)।** खंडवा में दो सराफा दुकानों से 45 लाख की चोरी हो गई। चोर 20 मिनट में 30 किलो चांदी और 250 ग्राम सोना ले भागे। घटना इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर स्थित बोरगांव बुजुर्ग की है। यहां शनिवार रात करीब 3 बजे 9 बदमाश एक साथ पहुंचे। एक सराफा दुकान का शटर उचकाया गया, दूसरी दुकान में खिड़की तोड़कर दाखिल हुए। जाते वक्त दुकानों के बाहर खड़ी एक युवक की बाइक भी साथ ले गए थे। जिसे हाइवे पर छोड़कर भाग निकले।पुलिस को मौके से सीसीटीवी के अलावा फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को कुछ साक्ष्य मिले हैं। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम भी जांच में जुटी हुई है। दुकानों को सील कर दिया गया है। जिले में बीते एक हफ्ते में दीवाल गांव के बाद यह दूसरी सबसे बड़ी चोरी है। डीएसपी हेडक्वार्टर अनिल सिंह चौहान का कहना है कि सीसीटीवी में 9 बदमाश दिखाई दिए हैं। पुलिस को कुछ क्लू मिले हैं। पूरी संभावना है कि गुना की पारदी गैंग ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस जल्द ही इन आरोपियों तक पहुंचेगी। बोरगांव के गांधी चौक स्थित सराफा कारोबारी जयदीप सोनी के प्रकाश ज्वैलर्स और रूपेश सोनी के चंचल ज्वैलर्स पर चोरी की वारदात हुई है। बताया जा रहा है कि सराफा व्यापारी जेवरात को गिरवी रखने का काम करते हैं। इस वजह से दुकान में लाखों के जेवरात रखे हुए थे।

दोनों दुकानों से 30 ङ्क्ष चांदी, 250 ग्राम सोना चोरी

कारोबारी जयदीप सोनी ने बताया कि उनकी दुकान से करीब 25 किलो चांदी चोरी हुई है। इसके साथ बदमाश 250 ग्राम सोना व 8 हजार रुपए नकद ले गए।वहीं, रूपेश सोनी ने बताया कि उनकी दुकान से 5 किलो चांदी चोरी हुई है। सोना व नकदी लॉकर में थे, जहां तक बदमाश पहुंच नहीं पाए।चांदी का वर्तमान मूल्य 88 हजार रुपए प्रति किलो है। इस हिसाब से चोरी हुए 30 किलो चांदी की कीमत 26 लाख 40 हजार होती है। वहीं, सोने का भाव 74 हजार प्रति 10 ग्राम है। इस हिसाब से 250 ग्राम सोने की कीमत 18 लाख 50 हजार रुपए होती है। कुल चोरी का आंकड़ा करीब 45 लाख रुपए है। बोरगांव चौकी प्रभारी रामप्रकाश यादव का कहना है कि, फिलहाल पुलिस को किसी प्रकार की सफलता नहीं मिली है। सिर्फ दुकानों के सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे हैं। अन्य जगह के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। बदमाश किस ओर जा रहे है, यह पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। आरोपियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

---

स्पेशल 9 गैंग का फर्जी रजिस्ट्री घोटाला

# नकली कागजात देकर 6 करोड़ के लोन निकाले, बैंक अफसर ही चला रहे थे गिरोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी)। जबलपुर में पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जिसके सदस्य फर्जी रजिस्ट्री लगाकर बैंक से लोन लेते थे। बड़ी बात तो यह है कि इस गैंग को बैंक के अधिकारी ही चला रहे थे। गैंग बॉलीवुड मूवी स्पेशल 26 की तर्ज पर काम कर रहा था। जिस तरह फिल्म स्पेशल-26 के किरदार सिर्फ वारदात के वक्त ही इकट्ठा होते थे, बाकी समय अपनी नौकरी-बिजनेस में बिजी रहते थे, उसी तरह जबलपुर में पकड़े गए जालसाजों में से कोई बैंक में काम करता है, तो कोई प्राइवेट नौकरी।**

एमपी एसटीएफ ने अब तक इस गैंग के 9 मुख्य सदस्यों को गिरफ्तार किया है इसलिए इस गैंग को ङ्कस्पेशल-9ङ्क कहा जा रहा है। आरोपियों के पास से करोड़ों रुपए की फर्जी रजिस्ट्री सहित आधार कार्ड, पैन कार्ड और सील बरामद की गई हैं।



### करीब 6 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा किया

एसटीएफ का कहना है कि गैंग ने अभी तक लोन के नाम पर करीब 6 करोड़ रुपए शहर के अलग-अलग बैंकों से ठगे हैं। गिरोह के सदस्यों ने इतनी चालाकी से काम किया कि न तो बैंक अधिकारियों को जानकारी लगी और न ही उस व्यक्ति को, जिसके नाम की फर्जी रजिस्ट्री लगाकर लोन लिया गया।

एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि इस गिरोह के तार न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि अन्य राज्यों में भी फैले हुए हैं। 22 अगस्त को सभी 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के मुताबिक, गैंग के सदस्य अभी तक एक्सिस बैंक से करीब 50 लाख, हिंदुजा बैंक से करीब 3 करोड़, जना बैंक से करीब 1 करोड़ और ग्रामीण सहकारी बैंक से करीब 50 लाख का फर्जी रजिस्ट्री लगाकर लोन ले चुके हैं।

### काम के हिसाब से बांटते थे पैसे

गैंग में किसका क्या काम है, कितना कठिन है, उस हिसाब से पैसा बांटा जाता था।

#### गैंग के ये सदस्य गिरफ्तार

विकास तिवारी पिता सुनील तिवारी (30), गोकलपुर, जबलपुर। संदीप चौबे पिता अशोक कुमार चौबे (34), अनमोल सिटी, जबलपुर। मोहम्मद अनीस अहमद पिता मो. इदरीश (38), निवासी शिवपुर मऊ जिला चित्रकूट, यूपी। फिलहाल जबलपुर की अनमोल सिटी में रहता है। अनवर उर्फ अन्नू पिता मोहम्मद हनीफ (49), मोतीनाला, जबलपुर। प्रवीण पांडेय पिता एसपी पांडेय (41), वीएफजे स्टेट, जबलपुर। लकी उर्फ लखन प्रजापति (34), लालमाटी, जबलपुर। राजेश डहेरिया पिता रामचरण डहेरिया (37), धनवंतरी नगर, जबलपुर। अनुभव दुबे पिता अरविंद कुमार दुबे (27), दत्त टाउन शिप, तिलहरी, जबलपुर। पुनीत उर्फ राहुल पांडेय पिता बाबू लाल पांडेय (31), टीआईटी बिल्डिंग, पुलिस लाइन जबलपुर।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें - सजग रहें अभियान
इंदौर, सोमवार
26 अगस्त, 2024


## संपादकीय

# अमन की राह में भारत के कदम

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए। अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता। यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं। पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है। भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।


### अर्ज किया है..!

*साँस लेता हूँ कि*
*पत-झड़ सी लगी हैं मुझ में*
*वक़्त से टूट रहे हैं मिरे*
*बँधन जैसे*

-मुज़फ़्फ़र वारसी

## OSHO कहिन

**जब प्यार और नफरत दोनों ही ना हो तो हर चीज स्पष्ट हो जाती है।**



## धर्म-कर्म

# लड्डू गोपाल की पूजा में जरूर करें इन मंत्रों का जाप, सभी दुख होंगे दूर



हिंदू धर्म में सभी तीज-त्योहारों का अपना विशेष महत्व होता है। तिथि के अनुसार देवी देवताओं की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। हालांकि इनमें भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को सबसे श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था।

पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इस दिन भगवान कृष्ण के बाल रूप की पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कृष्ण को विष्णु जी का 8वां अवतार माना जाता है। इसलिए इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। वहीं इस दिन महिलाएं संतान की प्राप्ति, तरक्की और सुख के लिए उपवास रखती है।

इस साल 26 अगस्त, सर्वार्थ सिद्धि योग और जयंती योग में जन्माष्टमी मनाई जा रही है। जन्मोत्सव के खास अवसर पर सभी कृष्ण मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया जाता है। वहीं कृष्ण जन्मभूमि मथुरा में इस दिन अलग रौनक देखने को मिलती हैं। इस दिन लड्डू गोपाल की पूजा करने से सभी दुखों का निवारण होता है। यदि उनकी पूजा में कुछ खास मंत्रों का जाप किया जाए, तो लड्डू गोपाल की विशेष कृपा बनी रहती है। ऐसे में आइए इन मंत्रों के बारे में जान लेते हैं।

### श्रीकृष्ण के शक्तिशाली मंत्र

कृं कृष्णाय नमः

ॐ देविकानन्दनाय विधमहे वासुदेवाय
धीमहि तन्नो कृष्ण:प्रचोदयात

ओम क्लीम कृष्णाय नमः

गोकुल नाथाय नमः

### श्रीकृष्ण की आरती

आरती कुंजबिहारी की, श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥
आरती कुंजबिहारी की, श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥
गले में बैजंती माला, बजावै मुरली मधुर बाला
श्रवण में कुण्डल झलकाला,नंद के आनंद नंदलाला
गगन सम अंग कांति काली, राधिका चमक रही आली
लतन में ठाढ़े बनमाली भ्रमर सी अलक, कस्तूरी तिलक
चंद्र सी झलक, ललित छवि श्यामा प्यारी की,
श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की, आरती कुंजबिहारी की...॥
कनकमय मोर मुकुट बिलसै, देवता दरसन को तरसैं।
गगन सों सुमन रासि बरसै, बजे मुरचंग,
मधुर मिरदंग ग्वालिन संग।
अतुल रति गोप कुमारी की, श्री गिरिधर कृष्णमुरारी की ॥

### ॥ आरती कुंजबिहारी की...॥

जहां ते प्रकट भई गंगा, सकल मन हारिणि श्री गंगा।
स्मरन ते होत मोह भंगा, बसी शिव सीस।
जटा के बीच,हरै अघ कीच, चरन छवि श्रीबनवारी की
श्री गिरिधर कृष्णमुरारी की ॥ ॥ आरती कुंजबिहारी की...॥
चमकती उज्ज्वल तट रेनू, बज रही वृंदावन बेनू
चहुं दिसि गोपि ग्वाल धेनू
हंसत मृदु मंद, चांदनी चंद, कटत भव फंद।
टेर सुन दीन दुखारी की
श्री गिरिधर कृष्णमुरारी की ॥
॥ आरती कुंजबिहारी की...॥
आरती कुंजबिहारी की
श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥
आरती कुंजबिहारी की
श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की ॥



Jammu & Kashmir

# जम्मू-कश्मीर चुनाव: भाजपा ने जारी की 44 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट, पूर्व डिप्टी सीएम निर्मल सिंह को टिकट नहीं

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में पहले चरण के लिए 15. दूसरे चरण के लिए 10 तो तीसरे चरण में होने वाली वोटिंग के लिए 19 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है. बता दें कि जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में चुनाव होने हैं.

इस लिस्ट की खास बात ये है कि इसमें पूर्व डिप्टी सीएम और जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. निर्मल सिंह को टिकट नहीं मिला है. निर्मल सिंह ने 2014 में बिलावर विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी. वहीं, कविंद्र गुप्ता को भी टिकट नहीं मिला है. हालांकि,




अटकलें हैं कि कविंद्र गुप्ता के नाम का ऐलान अगली लिस्ट में किया जा सकता है. बीजेपी ने कश्मीर घाटी की दो सीटों से कश्मीरी पंडित को अपना उम्मीदवार बनाया है. शंगस-अनंतनाग पूर्व से वीर सराफ और हब्बाकदल से अशोक भट्ट को उम्मीदवार बनाया गया है. बता दें कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर रविवार को नई दिल्ली में बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई थी. इस मीटिंग में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए थे. इस मीटिंग में चुनावी रणनीति, मुद्दों, उम्मीदवारों के नाम और राज्य में पीएम मोदी की संभावित रैलियों पर चर्चा हुई थी. इस मीटिंग के बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि बीजेपी सोमवार सुबह तक उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर देगी.

Gujrat

## गुजरात के मोरबी में हादसा, ट्रैक्टर ट्रॉली नदी में गिरी, NDRF ने 10 का किया रेस्क्यू, 9 लापता



**अहमदाबाद, (एजेंसी)** गुजरात के मोरबी में रविवार देर रात बड़ा हादसा हो गया. जहां 19 यात्रियों को लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली नदी में गिर गई. सूचना लगते ही मौके पर पहुंची NDRF की टीम ने 10 लोगों का रेस्क्यू कर लिया है. जबकि 9 लोग अभी भी लापता हैं. रेस्क्यू के लिए एनडीआरपीएफ की टीम लगी हुई है. बताया जाता है कि हलवद तहसील के धवाना गांव के पास से गुजरने वाली कनकावती नदी में लगातार हो रही बारिश के चलते बाढ़ आ गई. जिससे नदी का पानी सड़क तक पहुंच गया और यहां से गुजर रही ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई व नदी की धारा में बह गई. बताया जाता है कि ट्रैक्टर टॉली में करीब 19 लोग सवार थे. हलवद में 4 घंटे में 4 इंच बारिश हुई. जिससे इलाके में जल भराव की स्थिति बन गई. वहीं, बारिश के चलते हलवद के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है. बाढ़ के चलते अनहोनी न हो, इसको लेकर प्रशासन की तरफ से लगातार नजर रखी जा रही है. गुजरात में अगले तीन दिन तक इसी तरह का मौसम बना रहेगा. इसको लेकर मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने पूरे गुजरात में कहीं रेड तो कहीं ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है. बीतें 24 घंटे की बात करें तो नवसारी, डांग, वलसाड, नर्मदा, सुरेन्द्रनगर, राजकोट, महीसागर, मोरबी, तापी, पंचमहाल, नर्मदा जिलों में सबसे ज्यादा बारिश हुई है. सोमवार को गुजरात के 7 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट तो बाकी 26 जिलों में ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है.

Bihar

## पानी भरे गड्ढे में डूब रही थी बहन, बचाने को कूद पड़ा भाई; दोनों की मौत से समस्तीपुर में मचा कोहराम

**समस्तीपुर, (एजेंसी)** बिहार के समस्तीपुर में बाढ़ के पानी से भरे गडड्ढे में डूबने से सगे भाई बहन की मौत हो गई। खानपुर थाना क्षेत्र की श्रीपुर गाहर पश्चिमी पंचायत के कामोपुर गांव में पानी भरे गड्ढे में डूब रही बहन पूजा कुमारी (17) डूब रही थी। उसे बचाने के लिए सगा भाई प्रह्लाद कुमार (16) कूद पड़ा और वह भी डूब गया। सगे भाई-बहन की डूबने की मौत की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। पूजा और प्रह्लाद कामोपुर गांव निवासी रामकुमार राय की पुत्री व पुत्र थे। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शवों को परिजन के हवाले कर दिया गया। पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार दोपहर पूजा घर के पास स्थित पानी भरे गड्ढे में स्नान करने गयी थी। इस क्रम में वह डूबने लगी। उसे डूबता देख भाई दौड़कर बचाने गया, लेकिन बहन के साथ वह भी डूब गया। दोनों के डूबने की खबर मिलते ही लोग घटनास्थल की ओर भागे। लोगों ने दोनों को पानी से निकाला लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। शवों को देखते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।

Uttarpradesh

## देवरिया में बेकाबू कार ने चार को कुचला, बाल काट रहे नाई की मौत, बच्ची समेत तीन की हालत गंभीर

**देवरिया, (एजेंसी)** यूपी के देवरिया जिले के बघौचघाट थाना क्षेत्र के बसडीला मैनुदीन गांव में अनियंत्रित कार ने चार लोगों को कुचल दिया। हादसे में बाल काट रहा नाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी गोरखपुर में इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। एक मासूम लड़की समेत तीन अन्य लोग भी घायल हैं। पुलिस ने चालक और कार को कब्जे में ले लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसडीला मैनुदीन गांव के रहने वाले जैनुद्दीन सलमानी(52) पैर से दिव्यांग थे। वे अपने घर के सामने सैलून की दुकान चलाते थे। रविवार की सुबह जैनुद्दीन जमीन पर बैठकर गांव के तौकिर का बाल काट रहे थे। पास में



अहमद और रेखा भी बाल कटवाने के लिए खड़े थे। तभी उधर से तेज रफ्तार से गुजर रही कार पर चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। कार चारों को कुचलते हुए आगे निकल गई। परिजन सभी घायलों को लेकर महर्षि देवरहवां बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया पहुंचे जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जैनुद्दीन को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज को रेफर कर दिया।

खेल

WTC Points Table

## पाकिस्तान को हराकर इस स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश, इंग्लैंड को भी हुआ फायदा, शीर्ष पर भारत

**रावलपिंडी, (एजेंसी)** पाकिस्तान के खिलाफ जीत के साथ बांग्लादेश की टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में जबरदस्त फायदा हुआ है। दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट से जीत के साथ अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, इंग्लैंड भी श्रीलंका के खिलाफ जीत के साथ लंबी छलांग लगाने में कामयाब हुआ है।




| टीम | कुल मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 9 | 6 | 2 | 1 | 74 | 68.52 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.5 |
| न्यूजीलैंड | 6 | 3 | 3 | 0 | 36 | 50 |
| इंग्लैंड | 14 | 7 | 6 | 1 | 69 | 41.07 |
| श्रीलंका | 5 | 2 | 3 | 0 | 24 | 40 |
| बांग्लादेश | 5 | 2 | 3 | 0 | 24 | 40 |
| दक्षिण अफ्रीका | 6 | 2 | 3 | 1 | 28 | 38.89 |
| पाकिस्तान | 6 | 2 | 4 | 0 | 22 | 30.56 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

**बांग्लादेश को हुआ जीत का फायदा-** इस जीत के साथ बांग्लादेश की टीम छठे पायदान पर पहुंच गई। उनका अंक प्रतिशत 40 का हो गया है। वहीं, बांग्लादेश के खाते में 24 अंक हो गए हैं। इससे पहले टीम आठवें स्थान पर थी। वहीं, पाकिस्तान की टीम को इस हार से नुकसान झेलना पड़ा है। टीम सातवें पायदान से आठवें स्थान पर खिसक गई। उनके खाते में 22 अंक हैं और अंक प्रतिशत 30.56 का है।

**अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा इंग्लैंड-** दूसरी तरफ श्रीलंका के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई है। ओली पोप की अगुवाई वाली टीम ने श्रीलंका को हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

इस चक्र में इंग्लैंड की 14 टेस्ट मैचों में सातवीं जीत है। इससे उनके खाते में 69 अंक हो गए हैं और उनका अंक प्रतिशत 41.07 हो गया है। इंग्लैंड की टीम अब चौथे स्थान पर पहुंच गई है और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए दावेदारी पेश कर दी है। इससे पहले टीम छठे पायदान पर थी।

**भारत शीर्ष पर बरकरार-** भारत और गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया क्रमशः 68.5 और 62.5 अंकों के साथ शीर्ष दो पर बरकरार हैं। भारतीय टीम को सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला मुकाबला 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा।

सिनेमा

## 'इंडस्ट्री में कोई अपना नहीं...', फ्रस्टेट हुई करोड़पति एक्ट्रेस



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल पूरे कर लिए हैं. फिल्म 'हीरोपंति' से कृति ने डेब्यू किया था. हाल ही में कृति ने Nikhil Kamath के पॉडकास्ट में अपनी इस जर्नी के बारे में बात की. कृति ने कहा कि वो एक आउटसाइडर हैं. फिल्मी बैकग्राउंड से उनका कोई ताल्लुक नहीं. कई बार वो ये बात सोचकर फ्रस्टेट भी होती हैं. पर अब उन्हें फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने अपने काम से खुद को साबित किया है. कृति बोलीं- मेरे इंडस्ट्री में दोस्त हैं, लेकिन कई बार मैं ये सोचती हूं कि मेरे पास ऐसा कोई दोस्त नहीं जिसे मैं देर रात या बेवक्त कॉल कर सकूं. पहले जब ऐसा होता था तो मैं फ्रस्टेट हो जाती थी, लेकिन अब मुझे इस बात का फर्क नहीं पड़ता. मैं आज जहां पह पहुंची हूं, यहां तक आने में मुझे एक दशक लगा, यानी 10 साल. मैं अपने काम में इतनी रम चुकी हूं कि अब मुझे किसी को साबित नहीं करना, क्योंकि मुझे काम आता है और ये बात लोग जानते हैं. 'इंडस्ट्री में 10 साल बिताने के बाद मुझे अब कोई वैलिडेशन की जरूरत नहीं. फिर मेरी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर चले या नहीं. लोग मुझे एक एक्टर ही मानेंगे. और मैं हमेशा से एक्टर बनने की ही भूखी रही हूं, पैसे कमाने की नहीं. स्टारडम की भी नहीं. मैं परफॉर्म किया, अवॉर्ड्स और नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया, अब जाकर मुझे लगता है कि मुझे किसी को प्रूव करने की जरूरत नहीं.

## Highlights

1. **Why no OPS in Himachal?: BJP on Congress' 'U-turn' remark on UPS**
2. **17 people swept away as tractor overturns in Guj, 7 still stranded**
3. **Congress leader Vasantrao Chavan passes away at 70**
4. **Gunshots fired outside Delhi cafe as customers argue with owner**
5. **Allow women to keep guns for safety: Sena leader to CM Shinde**
6. **Clip shows jailed actor Darshan on video call, victim's family says 'he is enjoying'**

# Tata Sons repays ₹20,000 crore debt to avoid mandatory listing




**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Sons voluntarily surrendered its certificate of registration to the Reserve Bank of India (RBI) after repaying over ₹20,000 crore in debt in order to remain an unlisted entity, it was reported. Following this, Tata Sons can maintain its status as a closely held company without listing its shares on the stock exchange which is required under RBI regulations, The Economic Times reported.

The repayment amounts to ₹20,300 crore and is a significant reduction in Tata Sons' liabilities, excluding only non-convertible debentures and preference shares worth ₹363 crore. Tata Sons allocated ₹405 crore in deposits with the State Bank of India (SBI) and provided an undertaking to the RBI as part of the surrender of its registration certificate.

The RBI classified Tata Sons as a Non-Banking Financial Company – Upper Layer (NBFC-UL) in September 2022 owing to which companies are required to list within three years.

Tata Sons has achieved a 57 per cent surge in net profits at ₹34,654 crore in the financial year ending March 2024 during which revenues witnessed a 25 per cent increase to ₹43,893 crore from ₹35,058 crore in the previous year.

The company's total expenses saw a significant decline of 27 per cent in FY24, dropping to ₹2,776 crore from ₹3,794.70 crore in FY23. Meanwhile, the return on equity, before exceptional items and tax, stood at 38.15 per cent for FY24.

# Nifty, Sensex open on higher note amid

**NEW DEIHI, (Agency).** The stock markets began the week on a positive note owing to positive global cues. Sensex surged 320.49 points, opening at 81,406.40, while Nifty climbed 92.15 points to open at 24,915.30. Nifty saw a majority of its constituent companies advance, with 32 stocks gaining and 17 declining while one stock remained unchanged. In Nifty, top gainers were ONGC, Wipro, Tech Mahindra, LTIMindtree, and TCS while top losers




were Grasim, Apollo Hospitals, HDFC Life, ITC and Sun Pharma.

Ajay Bagga, a banking and market expert, said, "A strong market up move in the US markets following the Jackson Hole comments of Fed Chair Powell was expected to help the Asian markets rally as well. However, elevated Middle East tensions have enhanced geopolitical risk today and Asian markets are mixed."

He added, "We expect Indian markets to shrug off this till the conflict is limited to extra-state actors like Hezbollah and not a direct action by Iran. We expect the Indian markets to cross previous all-time highs this week unless geopolitical risks lead to a risk off global selling which is still a low probability event."

# ट्रैफिक प्लान-आज दोपहर 3 से इस्कॉन मंदिर, शाम 6 बजे बाद राजबाड़ा क्षेत्र में वाहन प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में आज जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में अनेक कार्यक्रम होंगे और दोपहर से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी। इसके चलते यातायात पुलिस ने ट्रैफिक प्लान बनाया है।**

दोपहर 3 बजे से इस्कॉन मंदिर के आसपास किसी प्रकार के वाहन को एंट्री नहीं मिलेगी। मंदिर के पास स्थित शिवा रेस्टोरेंट, ऑप्शन पार्क कॉलोनी से इस्कॉन मंदिर गेट की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। निपानिया से इस्कॉन की ओर आने वाले चार पहिया वाहन सेवा रेस्टोरेंट से डायवर्ट होकर टीसीएल से होते हुए वेलवेट गार्डन की ओर जाएंगे। वेलवेट गार्डन परिसर या बघेल मैरिज गार्डन परिसर में वाहन पार्क होंगे। बीसीएम हाइट्स होते हुए एडवांस एकेडमी की ओर आईडीए स्कीम के अंदर वाले रोड पर भी पार्किंग व्यवस्था रहेगी।

## राजबाड़ा क्षेत्र के लिए यह व्यवस्था

बांके बिहारी मंदिर से गोपाल मंदिर इमामबाड़ा, सराफा विजय चाट चौराहा से याशोदा माता मंदिर तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है। फ्रूट मार्केट चौराहा से राजबाड़ की ओर शाम 6 बजे से नो एंट्री रहेगी। मृगनयनी की ओर से आने वाले दर्शनार्थी वाहन फ्रूट मार्केट की पार्किंग में खड़े कर सकेंगे। यहां से सभी को पैदल मंदिर तक जाना रहेगा। हरसिद्धि मंदिर, मच्छी बाजार से राजबाड़ा की ओर आने वाले वाहन शाम 6 बजे से यशवंत रोड चौराहा से राजबाड़ा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन चालक नंदलालपुरा होकर आगे निकलेंगे।

**सिटी बसों के लिए डायवर्शन-** मृगनयनी से राजबाड़ा आने वाली सिटी बसें शाम 6 बजे से नहीं आ सकेंगी। ये बसें संजय सेतु से होकर गुजरेंगी। कलेक्टोरेट हरसिद्धि की ओर राजबाड़ा आने वाली सिटी बसें शाम 6 बजे से हरसिद्धि मंदिर चौराहे से आगे नहीं जा सकेंगी। राजबाड़ा क्षेत्र के मार्ग पर एंट्री नहीं होगी। भीड़ व जाम को देखते हुए बड़ा गणपति से एमजी रोड का उपयोग कर राजबाड़ा की ओर जाने वाले वाहन चालक सुभाष मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक